**भारत सरकार**

**नागर विमानन मंत्रालय**

**राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली**

*****

**नागर विमानन मंत्रालय में विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर 02 युवा पेशेवरों की नियुक्ति के लिए आवेदन का आमंत्रण।**

नागर विमानन मंत्रालय, घरेलू परिवहन प्रभाग के लिए दो (02) युवा पेशेवरों (वाईपी) को विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है, जिसे कार्य निष्पादन और आवश्यकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

2. नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार, युवा पेशेवरों हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। पात्रता मानदंड, तकनीकी शर्तों आदि सहित इसकी विस्तृत जानकारी मंत्रालय की वेबसाइट www.civilaviation.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि ***मंत्रालय की वेबसाइट पर रिक्ति परिपत्र अपलोड होने की तिथि से 30 दिन*** है। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

अमित
18/11/25

श्री अमित
अनुभाग अधिकारी
नागर विमानन मंत्रालय
'बी' ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,
नई दिल्ली-110003

**सं. एवी-13030/2/2020-डीटी**

**भारत सरकार**

**नागर विमानन मंत्रालय**

*****

बी ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,

नई दिल्ली, दिनांकः 18 नवंबर, 2025

**विषयः नागर विमानन मंत्रालय में विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर 02 युवा पेशेवरों की नियुक्ति हेतु आवेदन का आमंत्रण।**

नागर विमानन मंत्रालय घरेलू परिवहन प्रभाग के लिए दो (02) युवा पेशेवरों (वाईपी) को विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर आरंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त करने का प्रस्ताव रखता है, जिसे कार्य-निष्पादन और आवश्यकता के आधार पर आगे विस्तारित किया जा सकता है। निर्धारित आवश्यक योग्यता, विशेषज्ञता और अनुभव वाले उम्मीदवारों को युवा पेशेवर के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

आवेदकों को नीचे दिए गए पते पर केवल ईमेल द्वारा ही संपर्क करना है। टेलीफोन कॉल या अन्य संचार माध्यमों पर विचार नहीं किया जाएगा।

विज्ञापन का विवरण निम्नलिखित है:-

I. **कार्य की अपेक्षाएँ: अनुलग्नक-I** में दिए गए विस्तृत संदर्भ शर्तों के अनुसार।

II. **आवश्यक योग्यता**: युवा पेशेवर श्रेणी के लिए योग्यता नीचे तालिका में दी गई है:

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी संकाय में स्नातक डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री (न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष)।

विज्ञान/प्रौद्योगिकी/अभियांत्रिकी में डिग्री और अतिरिक्त योग्यता वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

III. **वांछनीय योग्यता/दक्षता:**

i. निरंतर अच्छा शैक्षणिक निष्पादन,
ii. अच्छी समझ और लेखन कौशल,
iii. वर्ड और पावरप्वाइंट में स्पष्ट उच्च-गुणवत्ता वाली रिपोर्ट तैयार करने की क्षमता,
iv. एमएस एक्सेल में डेटा प्रोसेसिंग सहित एमएस ऑफिस में व्यावहारिक अनुभव,
v. भारत सरकार के विभिन्न नियमों और विनियमों की अच्छी जानकारी,

vi. सरकारी संगठन में कार्यालय प्रक्रियाओं का ज्ञान; और

vii. लंबे समय तक काम करने और कार्य-तनाव से निपटने की क्षमता।

IV. **आयु सीमा: आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख** को 32 वर्ष से अधिक नहीं।

V. **कार्य अनुभव:**

i. किसी सार्वजनिक/निजी संस्थान में एक वर्ष का अनुभव।

ii. सरकारी कार्यालयों में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

VI. **छुट्टी:** युवा पेशेवर (वाईपी), 1 वर्ष की पूर्ण अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर 12 दिनों के अवकाश हेतु पात्र होंगे। युवा पेशेवर को स्वीकार्य अवकाश से अधिक अनुपस्थिति अवधि के लिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। अनुपभुक्त अवकाश को न तो अगले वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जाएगा और न ही भुनाया जाएगा।

VII. **यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता:** कार्यभार ग्रहण करने पर या कार्यभार पूरा होने पर कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। युवा पेशेवरों को कोई अन्य सुविधाएँ जैसे दैनिक भत्ता, आवास, दूरभाष(फ़ोन)/वाहन/परिवहन के लिए प्रतिपूर्ति, विदेश यात्रा, निजी स्टाफ, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, सीजीएचएस आदि देय नहीं होंगी।

VIII. **अनुबंध अवधि:** व्यक्तिगत युवा पेशेवर (वाईपी) को एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे नागर विमानन मंत्रालय की आवश्यकता, स्पष्ट रूप से परिभाषित प्रमुख कार्यनिष्पादन संकेतकों पर आधारित संतोषजनक वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा युवा पेशेवर (वाईपी) की आवश्यकता की समग्र स्थिति और संबंधित बजट शीर्ष में धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक बार में एक वर्ष (नागर विमानन मंत्रालय के दिशानिर्देशों में उल्लिखित अधिकतम अवधि के अध्यधीन) के लिए बढ़ाया जा सकता है। किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का अग्रिम नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

IX. **अधिकतम कार्यकाल:** वाईपी का अधिकतम निरंतर कार्यकाल, अधिकतम तीन वर्ष (1+1+1) होगा जो नागर विमानन मंत्रालय के दिशानिर्देशों में उल्लिखित कारकों के अध्यधीन होगा।

X. **अधिकतम कार्यकाल से आगे समय-विस्तार:** असाधारण परिस्थितियों में ऊपर उल्लिखित अधिकतम कार्यकाल से आगे 1 वर्ष के लिए समय-विस्तार पर विचार किया जा सकता है।

XI. **पारिश्रमिक भुगतान की शर्तें:** युवा पेशेवर की नियुक्ति के लिए पारिश्रमिक 50,000/- रुपये प्रति माह (सर्वसमावेशी) से 54,000/- रुपये प्रति माह (सर्वसमावेशी) तक होगा और उनकी योग्यता के आधार पर अलग-अलग होगा।

XII. **वार्षिक वेतन वृद्धि:** संतोषजनक निष्पादन के अधीन समेकित पारिश्रमिक का 6% तक।

XIII. **मूल्यांकन का आधार:** आवेदनों की जांच मंत्रालय द्वारा अपेक्षित और वांछनीय योग्यता और व्यक्तियों के पिछले कार्य अनुभव के आधार पर की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए गठित परामर्श मूल्यांकन समिति जीएफआर, 2017 के प्रावधानों के अनुपालन में शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों के साथ व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित कर सकती है।

XIV. **आवेदन जमा करने के लिए दिशानिर्देश:** निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन इस प्रकार जमा किया जाना चाहिए कि यह नीचे उल्लिखित पते पर दिनांक 17/12/2025 को शाम 05.00 बजे या उससे पहले मंत्रालय तक पहुंच जाए। उपर्युक्त समय सीमा के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

XV. **विभाग अपने निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित रखता है:** इस विज्ञापन को रद्द करने का निर्णय लेना, तथा इस मामले में आगे न बढ़ना, किसी भी स्तर पर किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई स्पष्टीकरण दिए स्वीकार या अस्वीकार करना।

XVI. **नोट:** युवा पेशेवरों का चयन सामान्य वित्तीय नियम 2017, परामर्श और अन्य सेवाओं के लिए खरीद मैनुअल 2017, भारत सरकार के मौजूदा संचार और नागर विमानन मंत्रालय के लिए प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के संबंध में नागर विमानन मंत्रालय के दिनांक 14/10/2022 और 04/04/2024 के कार्यालय ज्ञापन में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

**2. इच्छुक आवेदक संलग्न प्रारूप (अनुलग्नक-II) में अपना बायोडाटा ईमेल/डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं, तथा गूगल फॉर्म भी भर सकते हैं:-**

घरेलू परिवहन प्रभाग,<br>
नागर विमानन मंत्रालय<br>
कमरा नंबर 69, 'बी' ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,<br>
सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-1 10003

ईमेल पता:- dtsec.moca@nic.in

गूगल फ़ॉर्म:- https://forms.gle/o2nPKZsnNkettQZN8

**परिशिष्ट–I**

## DT प्रभाग, नागरिक उड्डयन मंत्रालय में 'युवा पेशेवरों' की नियुक्ति हेतु कार्य-संदर्भ

'युवा पेशेवर' की सेवाओं का उपयोग निम्नलिखित कार्यों के लिए किया जाएगा:

1. बैठकों का समन्वय एवं उपस्थिति, तथा बैठकों के एजेंडा और कार्यवृत्त (Minutes) तैयार करना।
2. घरेलू परिवहन से संबंधित कार्यों या क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक (RCS-UDAN) / संशोधित UDAN योजना हेतु नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन PSUs एवं संलग्न कार्यालयों के साथ समन्वय।
3. RCS-UDAN योजना तथा मंत्रालय की अन्य पहलों से संबंधित डेटा संग्रह, संकलन एवं विश्लेषण।
4. सरकारी विभागों, निजी संस्थाओं एवं व्यक्तियों के साथ संचार हेतु पृष्ठभूमि नोट, रिपोर्ट, संक्षेप (briefs) तथा विभिन्न प्रकार के आधिकारिक पत्राचार तैयार करना।
5. पदाधिकारी को सौंपे गए अन्य उपयुक्त एवं प्रासंगिक दायित्वों का निर्वहन।
6. वित्तीय मामलों का ज्ञान एवं उनसे संबंधित कार्यों का निष्पादन।
7. युवा पेशेवर, अनुभाग अधिकारी (घरेलू परिवहन) के अधीन कार्य करेगा, जो कार्य आवंटित करेंगे, मार्गदर्शन प्रदान करेंगे तथा संयुक्त सचिव के समग्र निर्देशन में कार्यों की प्रगति की निगरानी करेंगे।
8. यह एक पूर्णकालिक नियुक्ति है। युवा पेशेवर को राजीव गांधी भवन स्थित कार्यालय परिसर में आवश्यक कार्यालय स्थान/उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के कार्यालय समय लागू होंगे। आवश्यकता पड़ने पर अवकाश के दिनों में या विस्तारित घंटों में भी कार्य करना पड़ सकता है।

**परिशिष्ट–II**

**नागरिक उड्डयन मंत्रालय के DT प्रभाग में युवा पेशेवर की नियुक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र**

| |
|---|
| हाल ही में खींचा गया स्व–प्रमाणित पासपोर्ट आकार का फ़ोटो संलग्न करें |

1. **नाम:**
2. **पिता का नाम:**
3. **जन्म तिथि:**
4. **स्थायी निवास (डोमिसाइल):**
5. **राष्ट्रीयता:**
6. **पत्राचार विवरण:**

| डाक / वर्तमान पता | स्थायी पता | फोन/मोबाइल | ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|
| | | | |

7. **शैक्षणिक योग्यताएँ (सभी सहायक दस्तावेजों की स्कैन प्रतियाँ संलग्न करें):**

| क्रम संख्या | पाठ्यक्रम | विषय | विश्वविद्यालय/संस्थान | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक/प्राप्त अंक/डिवीजन/ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. **कार्य अनुभव (सभी सहायक दस्तावेजों की स्कैन प्रतियाँ संलग्न करें):**

| क्रम संख्या | संगठन / संस्थान | अवधि (से–तक) | कार्य की प्रकृति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

9. **वांछनीय योग्यता, यदि कोई हो (सभी सहायक दस्तावेजों की स्कैन प्रतियाँ संलग्न करें):**

| क्रम संख्या | संगठन / संस्थान | अवधि (से–तक) | कार्य की प्रकृति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **कार्य अनुभव, कार्य की प्रकृति आदि से संबंधित अतिरिक्त जानकारी पृथक संलग्नक के रूप में प्रस्तुत की जा सकती है।**

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**स्थान:**
**तिथि:**